भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1195
जिसका उत्तर मंगलवार 28 जुलाई, 2015 को दिया जाना है

**बीएचईएल को महारत्न का दर्जा**

**1195. श्री आलोक संजर:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लि० (बीएचईएल) को महारत्न का दर्जा दिया जाना प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस नए दर्जे से बीएचईएल को नए अवसरों की तलाश करने की दिशा में मदद मिलने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)**

**(क) और (ख):** भारत सरकार द्वारा भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को 01 फरवरी, 2013 को महारत्न का दर्जा दे दिया गया है।

**(ग) और (घ):** जी, हां। महारत्न दर्जे के तहत बढ़ी हुई प्रत्यायोजित शक्तियों से बीएचईएल को निम्नलिखित कार्यों में मदद मिल सकती है:-

- बड़े आकार की विद्युत परियोजनाओं, संयुक्त उद्यमों/सहायक उद्यमों में इक्विटी भागीदारी/निवेश के लिए बड़े अवसरों का दोहन करने में।
- परिवहन, पारेषण, विद्युत और ऊर्जा सेक्टर जैसे क्षेत्रों में विभिन्न अवसरों को तलाशने और आगे बढ़ाने में।
- रक्षा और निर्यात सहित अपने कारोबार को विकसित करने में।
- निदेशक मंडल स्तर से नीचे ई-9 स्तर तक के पदों का सृजन करने और नए क्षेत्रों का अवलोकन/प्रबंधन करने के लिए वरिष्ठ स्तर के कार्यपालकों को नियुक्त करने में।

******